समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# भारतीय रेलवे चलाएगा 1000 नई ट्रेने, बुलेट ट्रेन से बदलेगा सफर का भविष्य, अश्विनी वैष्णव ने किया बड़ा ऐलान।

Publisher Published on 09 Jul 2025



**रेलवे मे होगा ₹2.52 लाख करोड़ का निवेश, 2027 तक बुलेट ट्रेन का व्यावसायिक संचालन, भारत बनेगा रेलवे निर्माण और निर्यात का ग्लोबल हब।**

**नई दिल्ली : भारतीय रेलवे** अब सिर्फ यात्रा का साधन नहीं बल्कि **भारत के आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा** में उतरने का माध्यम बन रही है। **केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव** ने भारतीय रेलवे के भविष्य को लेकर कई बड़ी घोषणाएं की हैं।

उनके अनुसार आने वाले वर्षों में रेलवे क्षेत्र में निवेश और तकनीक के जरिए भारत को **रेलवे निर्माण** और **लॉजिस्टिक्स का वैश्विक हब** बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

### 1,000 नई ट्रेनों का संचालन, लॉजिस्टिक्स मे बढ़ेगी हिस्सेदारी

रेल मंत्री ने बताया कि आने वाले वर्षों में **भारतीय रेलवे 1,000 नई ट्रेने** शुरू करेगा।
साथ ही रेलवे की मालवाहन में हिस्सेदारी को **35% तक** बढ़ाने का लक्ष्य है, जो अभी 29% के आसपास है।

**रेलवे का लॉजिस्टिक्स** समाधान अन्य **ट्रांसपोर्ट** साधनों की तुलना में ज्यादा सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल है। प्रति टन-किमी लागत सड़क परिवहन के मुकाबले आधी है और प्रदूषण भी 95% तक कम है।

### बुलेट ट्रेन से बदलेगा भारत का हाई-स्पीड भविष्य

भारत में **हाई-स्पीड रेल** की शुरुआत जापानी तकनीक से बन रही बुलेट ट्रेन परियोजना से होगी।

१. **2026 तक इसका पहला प्रोटोटाइप ट्रैक पर दौड़ेगा**।

२. **2027 से व्यावसायिक संचालन शुरू होने का लक्ष्य रखा गया है।**
३. **IIT मद्रास और IIT रुड़की इस परियोजना मे तंकनीकी सहयोग दे रहे है।**
४. **भारत मे हीं बुलेट ट्रेन के लिए 40 मीटर लंबे गर्डर जैसे जटिल कंपोनेटं तैयार हो रहे है, जिन्हे अंब दूसरे देशों मे निर्यात भी किया जा रहा है।**

रेलवे में निवेश और निर्माण क्षमता

१. **रेल मंत्री के अनुसार, 2014 मे रेलवे का निवेश ₹25,000 करोड़ था, जो 2025 मे बंढ़कर ₹2.52 लाख करोड़ हो गया है।**
२. **इसमे से ₹20,000 करोड़ निवेश PPP मॉडल से हुआ है।**
३. **पिछले 11 वर्षों मे 35,000 किमी ट्रैक जोड़े गए है, जो जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है।**
४. **अकेले पिछले साल 5,300 किमी ट्रैक जुड़े और हर साल 30,000 वैगन व 1,500 लोकोमोटिव का निर्माण हो रहा है।**

**यात्री सुविधाओं और सुरक्षा मे बंड़ा सुधार**

रेलवे अब यात्री सुविधाओं पर भी ध्यान दे रहा है:

१. **2 साल मे 2,000 से ज्यादा जनरल कोच जोड़े गए।**
२. **अमृत भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेने शुंरू की गईं।**
३. **रेल यात्रा का किराया पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों से कम रखा गया है।**

सुरक्षा के क्षेत्र में:

१. **पहले हर साल औसतन 170 पटरी से उतरने की घटनाएं होती थीं, जो अब घटकर 30 से भी कम हो गई है।**
२. **रेल दुर्घटनाओं मे 80% तक कमी आई है।**
३. **उन्नत ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम और सुरक्षा समीक्षा से यह संभव हुआ है।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.